**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 11.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड एटीएस ने कुख्यात अपराधी अमन साहू को मार गिराया, रायपुर जेल से रांची लाते वक्त पलामू में हुई मुठभेड़, एनटीपीसी डीजीएम और कोयला कारोबारी की हत्या में इसी गिरोह की संलिप्तता आयी थी सामने।**
2. **राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई की सराहना की, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे ही सख्त कदम की जरुरत।**
3. **डीजीपी अनुराग गुप्ता पहुंचे हजारीबाग, एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक।**
4. **विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल जारी, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं को नियोजित करने का किया आग्रह, सरकार नियुक्ति में प्राथमिकता का दिया भरोसा।**
5. **रांची–गोरखपुर और रांची–जयनगर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से, यात्रियों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा।**

********************

झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया है। पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने फोन पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रायपुर से रांची लाने के क्रम में अमन साहू पुलिस से हथियार छीनकर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। एनआइए केस के सिलसिले में एटीएस की टीम रायपुर जेल में बंद अमन साहू को लेकर रांची आ रही थी। इसी दौरान पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर बम से हमला किया गया। इससे पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसी दौरान अमन साहू पुलिस का हथियार छीन कर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अमन साहू मारा गया। एसपी ने मुठभेड़ में एक पुलिस जवान के भी घायल होने की बात कही है।

********************

राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर विपक्ष ने गैंगेस्टर अमन साहू को मार गिराने की पुलिस कार्रवाई की सराहना की है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे ही सख्त कदम की जरुरत है।

********************

इधर, सत्ता पक्ष ने कहा है कि राज्य में विधि व्यवस्था बहाल रखने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार कानून हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं देगी।

********************

इस बीच डीजीपी अनुराग गुप्ता हजारीबाग पहुंचे हैं। वे एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान वे एनटीपीसी के पदाधिकारियों और कर्मियों से भी संवाद करेंगे।

********************

विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन की कार्यवाही जारी है। प्रथम पाली में प्रश्न काल के दौरान सदस्यों ने अपने—अपने क्षेत्र की समस्याओं पर सरकार से जवाब मांगा। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंगीभूत कॉलेजों में आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं के नियोजन की मांग सरकार से की।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया में अनुबंध पर रखे गये व्याख्याताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी न्यूयॉर्क में आयोजित यूएनसीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के लिए भारत सरकार की पहल पर राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिला एवं बाल कल्याण के लिए प्रतिबद्धता को सुदृढ़ बनाना हमारी प्राथमिकता है।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने फिर राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया है। सरायकेला खरसांवा जिले के गम्हरिया में आयोजित संथाल सरना उलूम में शामिल होने बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि आदिवासी अस्मितता को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा।

*******************

जामताड़ा जिले की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपने और अपने परिवार के लिए आर्थिक सशक्तीकरण की राह तैयार कर रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

*******************

रांची—गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से होगा। यह ट्रेन बोकारो स्टील सिटी, गोमो जंक्शन, कोडरमा, गया के रास्ते चलेगी। यह जानकारी धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने दी। कल रांची से जयनगर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी।

*******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के पूर्व कर्मी पर गोलीबारी करने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है।
- रामगढ़ में होली पर्व के मद्देनजर उत्पाद विभाग की ओर से अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी की गयी। उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से कैथा, हुहुवा, बाजार समिति, गोलपार सहित अन्य जगहों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।
- रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भीड़ नियंत्रण करने के लिए श्रद्धालुओं पर लाठियां बरसाने वाले दो जवानों को एसपी अजय कुमार ने लाइन हाजिर कर दिया है। श्रद्धालुओं पर बल प्रयोग करते जवानों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।
- राजधानी रांची के कोकर इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक की स्थिति गंभीर है। घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।

**********समाप्त**********